हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 23 सितंबर 2025


तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

13 झांकी एवं कलश यात्रा के साथ हुई मातारानी की स्थापना



14 छेड़ सुरो के गीत स्पर्धा की कुमकुम विजेता बनी





## नवरात्रि विशेष



### द्वितीय : ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-
दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

## डीएमएफ मद से सेवाप्रदाता शिक्षकों की हुई नियुक्ति

# युक्तियुक्तकरण से मिला शिक्षा व्यवस्था को पुनर्जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कभी जिले में 277 एकल शिक्षकीय स्कूल थे। अब इनकी संख्या 37 में सिमट गई है। इन 37 एकल शिक्षकीय स्कूलों में भी डीएमएफ से सेवा प्रदाता शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। युक्तियुक्तकरण के बाद शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। उम्मीद की जा रही है कि इस साल शिक्षा के स्तर में सुधार होगा।

चरमरा चुकी शिक्षा व्यवस्था को युक्तियुक्तकरण से पुनर्जीवन मिला है। दो माह पहले यह स्थिति थी कि आए दिन पालक और बच्चे शिक्षक की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। कई स्कूलों में तालाबंदी, हड़ताल हुई। स्थिति को देखते हुए जिले में व्यवस्थित ढंग से शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया। इसका सार्थक परिणाम देखने को मिल रहा है। शिक्षकों की कमी को लेकर अब प्रदर्शन नहीं हो रहा है। लगभग सभी स्कूलों में शिक्षकों की संख्या संतोषप्रद हो गई है। सबसे ज्यादा राहत नगरी क्षेत्र के छात्रों को मिली है। सबसे ज्यादा इस विकासखंड के स्कूल एकल शिक्षकीय थे। जानकारी के अनुसार नगरी क्षेत्र में कुल 116 स्कूल एकल शिक्षकीय थे। युक्तियुक्तकरण के बाद एकल शिक्षकीय स्कूल की संख्या काफी कम हो गई है।



फाइल फोटो

### 343 शिक्षक इधर से उधर

युक्तियुक्तकरण के तहत कुल 343 शिक्षकों को दूसरे स्कूलों में भेजा गया। इसमें प्राइमरी स्कूलों के 72 सहायक शिक्षक, मिडिल स्कूल के 108 शिक्षक और हाई-हायर सेकेंडरी स्कूल के 63 व्याख्याता इधर से उधर किए गए। आदेश आने के बाद भी कुछ शिक्षकों ने निर्देशित स्कूलों में ज्वाइन नहीं की है। उनका वेतन रोक दिया गया है। विभागीय निर्देश के अनुसार उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सेवा प्रदाता शिक्षकों ने सम्हाला मोर्चा

जिले के करीब 37 स्कूल एकल शिक्षकीय से बच गए हैं। इन स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए सेवा प्रदाता शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। इन सेवा प्रदाता शिक्षकों को डीएमएफ मद से वेतन दिया जा रहा है। इन शिक्षकों की नियुक्ति के बाद जिले में शिक्षा व्यवस्था संतोषप्रद हो गई है। उल्लेखनीय है कि करीब 7 स्कूल ही एकल शिक्षकीय की श्रेणी में हैं। वह भी इसलिए कि इन स्कूलों में युक्तियुक्तकरण के बाद शिक्षक रिटायर हो गए हैं। उधर शासन ने संलग्नीकरण समाप्त कर दिया है। इसके चलते इन स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था करना कठिन हो गया है।

# ग्राम पंचायत अटंग में भ्रष्टाचार की शिकायत



■ पूर्व सरपंच के कार्यकाल में हुए कार्यों की विशेष जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कुरूद विखं के ग्राम पंचायत अटंग में पूर्व सरपंच द्वारा कराए गए विभिन्न कार्यों की जांच करने की मांग कलेक्टर से की है।

वर्तमान सरपंच सहित ग्रामीणों ने सोमवार को कलेक्टर के नाम आवेदन कर 2020-21 से 2024-25 तक 17 कार्यों की विशेष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने कहा है। सरपंच प्रतिनिधि इंद्रजीत चेलक ताजेन्द्र चन्द्राकर, भोपाल सिंह, सुंदर ध्रुव, हेमलाल साहू, कमलेश साहू, कुलेश्वर ने ज्ञापन में कहा है कि ग्राम पंचायत अटंग में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है, जिसमें मनरेगा संबंधित कार्य रेललाइन के लिए खोदी गई मिट्टी मुरूम से प्राप्त राशि, नल जल सफाई, मकान, बिजली, टैक्स, मूलभूत राशि के आय-व्यय, 14वीं एवं 15वीं वित्त राशि के आय-व्यय, गोठान निर्माण, शासकीय माध्यमिक शाला की कृषि जमीन से आय, अटल, व्यावसायिक परिसर तथा आंगनबाड़ी को तोड़ने सहित अन्य कार्यों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

## भारतमाला रोड निर्माण का मामला

# कंपनी को कृषि भूमि लीज में देकर फंसे केकराडीह के किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ कलेक्टर से कृषि भूमि का सुधार एवं लीज राशि दिलाने की मांग

भारतमाला रोड निर्माण के लिए अपनी कृषि भूमि को लीज में देकर केकराडीह के 14 किसान फंस गए हैं। सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में पीड़ित किसानों ने कलेक्टर को आवेदन कर एग्रीमेंट के मुताबिक भूमि सुधार एवं लीज राशि दिलाने की मांग की है। मगरलोड के ग्राम केकराडीह से कलेक्टोरेट पहुंचे किसान टीकाराम, शत्रुघन, परसराम, पवन कुमार, गोविंदराम ने कलेक्टर के नाम दिए आवेदन में कहा है कि भारतमाला रोड निर्माणकर्ता दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड भोपाल को 14 किसानों ने अपनी लगानी कृषि भूमि को लीज पर दिया था। तीन वर्ष पूर्व लीज पर देने के दौरान कंपनी से एग्रीमेंट किया गया था कि कृषि भूमि को पूर्व की भांति सुधार कर 2025 की लीज राशि कृषकों को दी जानी है लेकिन भूमि सुधार किए बिना तथा लीज की राशि दिए बिना कंपनी ने अपना कैंप उठा लिया है। इस संबंध में कंपनी के जिम्मेदार अधिकारी को कई बार बोल चुके हैं लेकिन कंपनी द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पीड़ित किसानों ने कृषि भूमि का सुधार तथा लीज की राशि दिलाने की मांग कलेक्टर से की है।



## महिन्द्रा होम लोन कंपनी से आबादी पट्टा दिलाने की गुहार



देवरी के 11 लोगों ने कंपनी के खिलाफ प्रताड़ना की शिकायत की

धमतरी। कुरूद विखं के ग्राम देवरी निवासी शंकरसिंह साहू, इन्द्रकुमार, ओमप्रकाश, हेमलाल, हरिशचंद्र, इसुक ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि सन 2017-18 में गांव के 11 लोगों ने महिन्द्रा होम लोन कंपनी से मकान निर्माण के लिए लोन लिया था। 5 साल के अंदर के ब्याज सहित लोन की राशि जमा कर चुके हैं लेकिन कंपनी के एजेंट गांव में आकर उन्हें लोन जमा करने के लिए डरा धमका रहे हैं। इस मामले में कुरूद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने उन्हें न्यायालय की शरण में जाने को कहा है। आगे कहा कि वे सभी रोजी मजदूरी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। कंपनी के एजेंट घर कुर्की की धमकी देते हैं। इससे बच्चे, बुजुर्ग सभी डरे सहमे हुए हैं। उन्होंने कलेक्टर से डराने धमकाने, घर कुर्की करने का दबाव बनाने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने तथा उनका आबादी पट्टा कंपनी से वापस दिलाने की मांग की है।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### खरेंगा में आज से नाचा गम्मत सम्मेलन

धमतरी। नव जागरण दुर्गोत्सव समिति द्वारा खरेंगा के बाजारपारा में 23 से 29 सितंबर तक छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत सम्मेलन का आयोजन किया गया है। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष रामखिलावन साहू व ओंकार साहू ने दी।

### अमलीडीह में लोक कला महोत्सव 24 से

धमतरी। हिंदू धर्म जागरण मंच एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम



अमलीडीह में इस वर्ष भी क्वांर नवरात्र पर छह दिवसीय लोक कला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी में गोपीचंद साहू, मानिक साहू, राजेंद्र साहू, संतोष निर्मलकर, हेमंत साहू, पवन कुमार साहू, गुलाब राम साहू समेत अन्य जुटे हैं।

## कोतवाली व अर्जुनी पुलिस ने की कार्रवाई

# गांजा की बिक्री करते महिला सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर अवैध रूप से गांजा की बिक्री कर रहे महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध गांजा बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार बीते शनिवार को मुखबिर ने थाना पहुंचकर सूचना दी कि एकलव्य खेल मैदान में जाईका धुरी नाम की महिला कपड़े के थैले में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री कर रही है। सूचना पर कोतवाली पुलिस की टीम तत्काल एकलव्य खेल मैदान पहुंची जहां मुखबिर के बताए अनुसार एक महिला थैले में अवैध गांजा रखकर बिक्री करते मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर महिला से पूछताछ की। महिला ने अपना नाम जाईका धुरी पति रामनारायण उम्र 20 वर्ष महंत घासीदास वार्ड निवासी बताया। महिला की तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 103 ग्राम गांजा कीमत 1 हजार रूपए व नकदी 620 रूपए कुल 1620 रूपए बरामद कर कोतवाली में एनपीएस एक्ट के तहत आरोपिया जाईका धुरी के खिलाफ कार्रवाई की गई। दूसरी घटना में कोतवाली पुलिस पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस विंध्यवासिनी वार्ड में स्थित सिटी पार्क के पास पहुंची। यहां पर पारस प्रसाद पाठक पिता गंगा प्रसाद उम्र 28 वर्ष महिमा सागर वार्ड निवासी अवैध रूप से गांजा की बिक्री कर रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़कर पूछताछ कर तलाशी ली। युवक के कब्जे से कैरी बैग में 174 ग्राम गांजा कीमत 1500 रूपए व बिक्री रकम 300 रूपए कुल 1800 रूपए जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी पारस प्रसाद पाठक के खिलाफ 20-ख नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

एक अन्य घटना में मुखबिर की सूचना पर अर्जुनी पुलिस ने ग्राम मुजगहन के नहर पार में दबिश देकर राहुल पटेल पिता चन्द्रप्रकाश उम्र रत्नाबांधा निवासी को गांजा की बिक्री करते पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 250 ग्राम गांजा कीमत 2500 रूपए बिक्री रकम 750 रूपए जब्त कर 20-ख नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।




## मां अंगारमोती दरबार में 5371 तथा मां विंध्यवासिनी मंदिर में 2400 से अधिक ज्योति प्रज्ज्वलित

# शक्ति की भक्ति में सराबोर हुआ अंचल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शारदीय नवरात्रि प्रारंभ होने के साथ पूरा अंचल शक्ति की भक्ति में सराबोर हो गया है। नगर सहित गांव-गांव के देवी मंदिरों में आस्था के हजारो ज्योत जगमगाने लगे हैं। जगह-जगह पंडालों में माता दुर्गा की दिव्य प्रतिमाएं विराजित हो गई हैं। अंचल के प्रसिद्ध मां अंगारमोती मंदिर में रिकार्ड 5371 से अधिक तथा शहर की आराध्य देवी मां विंध्यवासिनी मंदिर में 2400 से अधिक ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। इनके साथ ही मां दंतेश्वरी, रिसाई माता, काली माता, रत्नेश्वरी माता, दुर्गा माता, मां गौली आदि मंदिरों में ज्योत जंवारा के साथ सेवा-जस गीतों के माध्यम से देवी की आराधना शुरु हो गई है।

आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने बताया कि मां अंगारमोती की प्रसिद्धि देश ही नहीं विदेशों में भी है। इस साल रिकार्ड तोड़ 5371 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित हुई है जिसमें घृत ज्योति 1438 तथा तेल ज्योति की संख्या 3933 है।





कनाडा, लंदन के साथ आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के श्रद्धालुओं ने ज्योत जलाए हैं। सोमवार शाम 5 बजे विधि-विधानपूर्वक ज्योति प्रज्ज्वलित की गई।

शहर के आराध्य देवी मां विंध्यवासिनी मंदिर में 2400 से अधिक घृत ज्योति जगमगा रही है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार ने बताया कि गोधूलि बेला में पंडितों ने विधि-विधानपूर्वक पूजा अर्चना कर मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे। शहर में लगभग 100 पंडालों में देवी प्रतिमा स्थापित कर समिति के लोग माता की सेवा में जुट गए हैं। माता को रिझाने सेवागीत, जसगीत का भी सिलसिला शुरु हो गया है।

### शहर के पांच स्थानों पर गरबा की धूम

नवरात्रि में गरबा नृत्य का उत्साह शुरु हो गया है। रत्नाबांधा रोड स्थित हरदिहा साहू समाज भवन में ढोल बाजे ग्रुप द्वारा गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया है। शाम 7 बजे प्रादेशिक वेशभूषा में प्रतिभागी शामिल होंगे। अमर टाकिज परिसर में अराध्य गरबा का आयोजन पं. राजेश शर्मा द्वारा किया जा रहा है। रत्नाबांधा रोड स्थित कबीर ग्राउंड में नवरंग ग्रुप द्वारा, इंडोर स्टेडियम में रासगरबा ग्रुप द्वारा सोमवार से गरबा नृत्य का शुभारंभ किया गया। सिंध गरबा का आयोजन नेहरू गार्डन के पास सिन्हा समाज भवन में मंगलवार की शाम से शुरु होगा।

कुरूद सहित ग्रामीण क्षेत्र का माहौल हुआ भक्तिमय

# मंदिरों में जले ज्योत, पंडालों में विराजीं मां दुर्गा



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

त्याग, उपासना, व्रत का महापर्व शारदीय नवरात्रि सोमवार से प्रारंभ हुआ। नगर के लगभग सभी पंडालों में मां भवानी की प्रतिमाएं स्थापित की गई है। वहीं मंदिरों में आस्था के ज्योति कलश पूरे विधि-विधान से प्रज्ज्वलित किए गए। महिला व पुरूषों ने व्रत रखकर जहां सुख समृद्धि की कामना की, वहीं मंदिरों में माता के जयघोष से पूरा परिसर गूंजता रहा।

नवरात्रि पर्व के पहले दिन सुबह से मंदिरों के पट खोल दिए गए थे। सभी देवी मंदिरों में सुबह से ही दुर्गा सप्शती का पाठ किया गया। नगर के मां चण्डी मंदिर, काली मंदिर, छग महतारी मन्दिर, शीतला मंदिर, गायत्री मंदिर, सतबहनिया मंदिर, दुर्गा मंदिर, में शुभ मुहूर्त के साथ ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए।



पंडित ओमप्रकाश तिवारी, सतीश शर्मा, कमलेश तिवारी ने बताया कि नवरात्रि नवरात्रों का वह समूह है इसमें मां भगवती महामाया की विशेष आराधना की जाती है। इसमें शारदीय नवरात्रि पर्व पर की गई आराधना का अपना विशेष महत्व है। नवरात्रि पर्व को सुख, समृद्धि, धन, वैभव, आरोग्य, शरीर, संतान, आत्मिक शांति व मोक्ष प्राप्ति करने वाला पर्व माना गया है। इन नौ दिनों में मां दुर्गा की आराधना कर एक समय फलाहार करते हुए ब्रह्मचर्य का पालन करना आवश्यक होता है।

### देर रात तक प्रतिमा स्थापित

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में चौक चौराहों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। सुबह से ही कुम्हारपारा परखन्दा में प्रतिमा ले जाने के लिए लोगों की भीड़ देर शाम तक उमड़ी रही। वहीं दुकानों में मां दुर्गा के साज श्रृंगार के लिए सामानों की मांग बनी रही। ग्रामीण क्षेत्र से आए लोग जसगीत व भजन कीर्तन करते हुए मां की प्रतिमा को ट्रेक्टर व अन्य साधनों से लेकर गए। गांव के पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देवी प्रतिमाएं स्थापित की गई जिसके बाद देर रात तक पंडालों में जस सेवा गीत गुंजायमान होता रहा।

## खबर संक्षेप

### देवपुर में सतनामी समाज की आमसभा 27 को

**धमतरी।** सतनामी समाज की जिला स्तरीय आमसभा 27 सितम्बर को सतनाम भवन ग्राम देवपुर (डोंगापथरा) में रखी गई है। आम सभा में सतनामी समाज धमतरी जिला के संचालक मंडल के कार्यों की समीक्षा, जिला व कार्यकारिणी सदस्यों की सामाजिक गतिविधियों की समीक्षा, पूर्व जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में आयोजित सतनाम शोभायात्रा की समीक्षा की जाएगी। सामाजिक विवादों के एकीकरण पर विचार विमर्श होगा।

### दुर्गा पंडालों में विद्युत सुरक्षा का रखें ध्यान : बंजारे

**कुरुद।** कल से नवरात्रि पर्व आरंभ हो गया है, जिसमें शहर एवं गांवों में विभिन्न स्थानों पर दुर्गा प्रतिमा स्थापित करने के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। विद्युत विभाग कुरुद के कार्यपालन अभियंता जीके बंजारे ने नागरिकों से अपील की है कि सार्वजनिक दुर्गा पंडालों के लिये संबंधित विद्युत वितरण केन्द्र कार्यालय में आवेदन कर अस्थायी विद्युत कनेक्शन अनिवार्य रूप से लें। दुर्गोत्सव कार्यक्रमों के पंडाल एकदम विद्युत लाइन के नीचे या पास में न रखें। दुर्गा प्रतिमा को मूर्तिकार परिसर से पंडाल तक लाने के मार्ग में विद्युत लाइन की उंचाई का ध्यान रखें एवं बड़ी मूर्तियों को पंडाल में लाने एवं विसर्जन के दौरान विद्युत विभाग को अवश्य सूचित करें। यदि विद्युत लाइन के एकदम नीचे या समीप पंडाल या टेंट लगाया जाता है, तो आयोजनकर्ता, विद्युत विभाग, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि या थाना इंचार्ज को तुरंत जानकारी दें। डायरेक्ट हुकिंग अथवा अवैध कनेक्शन की तत्काल विद्युत विभाग को सूचना दी जाए जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने की संभावना न रहे।

## निधन


### राधिका साहू

**धमतरी।** शहर के आमापारा जालमपुर रोड निवासी राधिका साहू (80) पति स्व. अघनूराम साहू का रविवार की रात निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं। वे दिनेश, रमेश, महेश साहू की मां थीं। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।



### चरण निषाद

**मगरलोड।** करेली बड़ी निवासी चरण निषाद का आकस्मिक निधन रविवार 21 सितंबर को गृह ग्राम में हो गया। वे बिटावनबाई निषाद के पति व सुरेश निषाद, शिक्षक छन्नू निषाद के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में हुआ। मौके पर डाहरू निषाद, बृजलाल, तेजराम निषाद, किशन, लोकनाथ, सुभाष, प्रीतम, ओमप्रकाश, मिलन, ओमनाथ, देवव्रत, ओम, वेदप्रकाश, नोहर, आशीष, मयंक, लखन साहू, मोहन, चंद्रशेखर, ढालेश, तरुण, नीलकंठ, धर्मेंद्र, मित्रभूषण, लवकुमार, संदीप, गणेश, लकेश्वर, जागेश्वर समेत अन्य ग्रामीणों ने मृतात्मा को श्रद्धांजलि दी।



# इंटरनेट की धीमी गति से ग्रामवासी परेशान, सुधार की उठी मांग

■ सरकारी योजनाओं से जुड़े काम समय पर पूरे नहीं हो पा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

आधुनिक युग में जहां जीवन का अधिकांश हिस्सा डिजिटल सेवाओं और इंटरनेट पर निर्भर हो गया है, वहीं नगरी विकासखंड के ग्राम फरसियां के लोग आज भी सुस्त इंटरनेट स्पीड की समस्या से जूझ रहे हैं। लंबे इंतजार और संघर्ष के बाद ग्रामीणों को भले ही मोबाइल नेटवर्क की सुविधा मिल पाई हो, लेकिन इंटरनेट के नाम पर यह सेवा मात्र औपचारिकता साबित हो रही है।



ग्रामवासियों का कहना है कि आज के दौर में शिक्षा, रोजगार, शासन-प्रशासन की योजनाएँ और दैनिक कार्य सभी ऑनलाइन माध्यम से संचालित होते हैं। ऐसे में कमजोर नेटवर्क और धीमी इंटरनेट गति के कारण उन्हें बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को पढ़ाई और ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया में लगातार दिक्कतें आ रही हैं। कई युवा मजबूरी में धमतरी या रायपुर जैसे शहरों में जाकर रहकर पढ़ाई व आवेदन कार्य करते हैं। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि गांव के चॉइस सेंटर और सार्वजनिक सेवा केंद्रों में भी इंटरनेट की धीमी गति के कारण सरकारी योजनाओं से जुड़े काम समय पर पूरे नहीं हो पाते। नतीजतन ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा और आम जनता को बार-बार इधर-उधर चक्कर काटने पड़ते हैं।

लोगों का आरोप है कि उपभोक्ता मोबाइल रिचार्ज के लिए बड़ी राशि खर्च करते हैं, लेकिन बदले में उन्हें गुणवत्तापूर्ण सेवा नहीं मिलती। इससे उपभोक्ता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों ने जिओ कंपनी से इंटरनेट सेवा में शीघ्र सुधार करने की मांग की है।

### कुहकुहा के शीतला मंदिर में जले आस्था के ज्योत



**सिर्री।** ग्राम कुहकुहा में ग्रामवासियों द्वारा इस वर्ष शारदीय नवरात्रि पर्व पर शीतला मंदिर में आस्था के ज्योत जलाए गए हैं। माता की विधिवत पूजा कर ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। ग्राम की सुख समृद्धि के लिए मंदिर में 10 ज्योति प्रज्ज्वलित हो रही है।

## सेवा पखवाड़ा पर लगा रक्तदान शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

भारतीय जनता पार्टी मंडल नगरी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने रक्तदान कर सेवा और समर्पण का परिचय दिया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि यह रक्त उन जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाएगा, जिनके जीवन को बचाने के लिए इसकी आवश्यकता होगी। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, श्रवण मरकाम, पिंकी शाह, नागेंद्र शुक्ला, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, अंचला यदु, प्रीति यदु, सरपंच नरसिंह मरकाम, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, मनोहर मानिकपुरी, अकबर कश्यप, मोनू साहू, दीपक साहू, राजा पवार, अजय ध्रुव, मोहन नाहटा, विकल गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, संजय सारथी, लोकेश्वर पटेल, रवि दुबे, गुरुप्रसाद साहू, हमिद लिमजा, पप्पू देवांगन सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## रामधुनी जनमानस को धर्म से जोड़ती है : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी

ग्राम गागरा में दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू थे। अध्यक्षता गुंजा साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष ने की। विशेष अतिथि सरपंच नीता साहू थी। सभा को संबोधित करते हुए ओंकार साहू ने कहा कि रामनाम का गुणगान करने से मनुष्य को समस्त पापों से मुक्ति मिलती है। इस आयोजन से धार्मिक वातावरण एवं आपसी भाईचारा, सौहार्द्र का निर्माण होता है। श्री साहू ने गागरा में स्वागत गेट का लोकार्पण एवं 10 लाख के शेड निर्माण की घोषणा की।

मौके पर नरेश दास, योगेश साहू, डॉ. खेमराज, पवन साहू, रामाधार साहू, उत्तम चोपड़िया, तीजू कौशिक, बीरेंद्र साहू, गोपीचंद यादव, मौरध्वज, जयकिशन समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।





# फरसियां स्कूल की 84 छात्राओं को मिली साइकिल

■ बालिकाओं के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं : केशव

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियां में निःशुल्क सरस्वती साइकहल योजना के तहत कक्षा नवमीं में अध्ययनरत 84 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। अतिथि सरपंच केशव टेकाम, उपसरपंच तिलोक साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष शिवदयाल साहू, स्कूल के लिए भू दानदाता कोमल कश्यप, उत्सव समिति के अध्यक्ष कौशल साहू, उत्सव समिति के उपाध्यक्ष सोमनाथ साहू, प्राचार्य नीरज सोन थे। सरपंच केशव टेकाम ने कहा कि दूरस्थ अंचल की बालिकाओं के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है। सरस्वती साइकिल योजना न केवल छात्राओं को स्कूल तक पहुंचने में मदद की है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है। शिवदयाल ने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि कोई भी विद्यार्थी केवल साधन के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। निःशुल्क साइकिल वितरण योजना से विद्यार्थी आत्मनिर्भर बनेंगे, समय की बचत होगी। प्राचार्य नीरज सोन ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क वितरण योजना न केवल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करती है, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में समावेशी विकास का मार्ग भी प्रशस्त करती है। कोमल कश्यप ने कहा कि सरकार बेटियों की शिक्षा पर विशेष कार्य कर रही है। इससे बेटियों को शिक्षा प्राप्त करने में आसानी हो।




उपसरपंच त्रिलोक साहू ने कहा कि विद्यालय से दूर रहने वाली और आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार की बेटियों के लिए यह योजना एक बड़ा वरदान है। साइकिल वितरण प्रभारी प्रेमलाल ध्रुव ने बताया कि 84 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया जिसमें से 55 अनुसूचित जनजाति, 3 अनुसूचित जाति और 26 ओबीसी छात्राओं को साइकिल मिली।

छात्रा दीपिका वट्टी ने कहा कि अब साइकिल मिलने से स्कूल आने-जाने में समय और ऊर्जा की बचत होगी। एक अन्य छात्रा ने कहन्कि मुझे स्कूल आने के लिए 2 किलोमीटर पैदल चलकर आना पड़ता था। लेकिन अब मुझे साइकिल मिल गई है, जिससे मैं आसानी से स्कूल जा सकती हूं। छात्रा कनिका ने कहा कि घर से स्कूल की दूरी अधिक होने के कारण स्कूल में नियमित उपस्थिति नहीं दे पाती थी, जिसकी वजह से कोर्स में भी पीछे रह जाती थी, लेकिन अब साइकिल मिलने से स्कूल में नियमित रूप से उपस्थित हो पाऊंगी।

मौके पर व्याख्याता निरुपमा श्रीमाली, किरण श्रीमाली, लोमश पटेल, यशपाल साहू, प्रेमलाल ध्रुव, अरविंद सोम, रेणु सोम, अंजना लावत्रे, ऋषिकेश साहू, शिल्पा मानिकपुरी, पारुल बिसेन, त्रिवेणी सूर्यवंशी, गीतिका निषाद, आरती निषाद, नीलम साहू, टिकेश साहू, त्रिलोक कपूर ध्रुव, भगवती ध्रुव, ललिता निषाद, भरत चनाप उपस्थित थे।

नवीन महाविद्यालय आमदी में हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम

# रासेयो केवल प्रमाण-पत्र नहीं, बल्कि जीवन की पाठशाला है : रेणु

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में रासेयो इकाई एवं रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में उन्मुखीकरण रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में हुआ।

इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी ने कहा कि किसी भी संस्था का वास्तविक सौंदर्य केवल उसकी इमारतों में नहीं बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में निहित होता है। रासेयो और रेडरिबन क्लब विद्यार्थियों के लिए वही मंच है, जहां सेवा, अनुशासन और नेतृत्व के गुण विकसित होते हैं।






कार्यक्रम की मुख्य वक्ता संत गुरु घासीदास पीजी कालेज कुरूद की रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रेणु पाटले ने कहा कि रासेयो केवल प्रमाण-पत्र का माध्यम नहीं है, बल्कि जीवन की पाठशाला है। यहां स्वयंसेवक सेवा करना सीखता है। समाज के दुख दर्द को समझना सीखता है और जिम्मेदार नागरिक बनना सीखता है। उन्होंने रेड रिबन क्लब के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह क्लब युवाओं में एचआईवी एड्स की रोकथाम, रक्तदान की प्रेरणा, नशामुक्ति, लैंगिक समानता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देता है।

विशिष्ट अतिथि भूतपूर्व स्वयंसेवक संकेत कुमार और प्रियंका साहू ने भी अपने अनुभव साझा किए। संकेत ने राष्ट्रीय एकता शिविर (हिसार, हरियाणा 2024) और स्वतंत्रता दिवस 2025 में विशिष्ट अतिथि बनने के अनुभव बताए। इस आयोजन में अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर साहू, रमेश सिंह, मन्नू साहू सहित स्वयंसेवक दिव्या पटेल, खुशबू, योगिता पटेल, प्राची, योगिता साहू, वेदप्रकाश, हिमांशु, मोनीश, कुणाल, साहिल, कीर्ति, सोमेश्वर, इंद्रमण, काम्या, डेमिन का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका संगीता एवं पूर्वी ने किया।

## अंचल की खबरें

### नरेंद्र बने तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के तहसील अध्यक्ष



**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला धमतरी के तत्वावधान में सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान एवं सम्मेलन कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चंदूलाल चंद्राकर ने तहसील शाखा मगरलोड के नये अध्यक्ष के रूप में नरेन्द्र कुमार सिन्हा को दायित्व प्रदान किया। जिला उपाध्यक्ष छगनलाल साहू मनोनीत हुए। इनके चयन पर जिलाध्यक्ष चंदूलाल चंद्राकर, प्रांतीय संरक्षक राजेन्द्र चंद्राकर, तामेश्वर ठाकुर, राजेश पांडे, श्री भास्कर, दिलीप कुमार वर्मा, प्रकाश कुमार निषाद, रूपेश कुमार निषाद, हरिराम साहू, रामलाल कंवर, खूबचंद पटेल, टीभूराम देवदास, सियाराम निषाद, युवराज देवदास, तोमन साहू समेत अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

### शिविर में 44 लोगों ने किया रक्तदान



**नगरी।** युवा प्रकोष्ठ ग्रामीण साहू समाज बेलरगांव द्वारा जिला चिकित्सालय के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 10:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक चला। इस अवसर पर 44 रक्तदाताओं ने अपने अमूल्य रक्त का दान किया। विशेष बात यह रही कि शिविर में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समाज में सेवा और समर्पण की मिसाल प्रस्तुत की। सभी रक्तदाताओं को जिला चिकित्सालय की ओर से रक्तदान प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

### शिक्षा के मंदिर को रोशन करने 60 ट्यूबलाइट दान की




**मगरलोड।** विद्यार्थी सम्मेलन को यादगार बनाने और स्कूल के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों तुमनचंद साहू एवं श्रीमती रंजीता साहू ने विद्यालय परिसर को उजाले से भर देने वाला एक अनुपम योगदान दिया है। उन्होंने विद्यालय को 60 ट्यूब लाइट दान स्वरूप भेंट की है, ताकि सभी कक्षो, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं एवं गलियारों में हमेशा ज्ञान का उजाला बना रहे। नवरात्रि जैसे शुभ पर्व पर किया गया यह कार्य न केवल एक दान है, बल्कि ज्ञान के मंदिर में प्रकाश फैलाने की एक गहरी भावना का प्रतीक है।

### विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई



**नगरी।** श्री श्रृंगी ऋषि राज मिस्त्री संघ सरईटोला द्वारा ग्राम मोहमल्ला दुगली में भगवान विश्वकर्मा की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। मुख्य अतिथिश्रीमती पुष्पा देवी मांडवी जनपद सदस्य क्षेत्र राजपुर राजपुर थी। अध्यक्षता रमेश मांडवी सरपंच बांधा ने की। विशेष अतिथि कलावती मरकाम जनपद सदस्य क्षेत्र दुगली, बंशीलाल सोरी पूर्व जनपद सदस्य, प्रेम सिंह सलाम जनपद सदस्य क गट्टासिल्ली, हृदय लाल नेताम सरपंच सरईटोला, मानकी बाई कुंजाम सरपंच गोहाननाला, अरुण कोर्राम, उमेंद्र ध्रुव, उत्तम नेताम, रोहित कुमार समेत अन्य थे।

### गैलेक्सी स्कूल के छात्रों को मिली बैंकिंग जानकारी



**मगरलोड।** गैलेक्सी स्कूल के विद्यार्थियों ने छग राज्य ग्रामीण बैंक शाखा मगरलोड में पहुंचकर बैंकिंग कार्य की जानकारी ली। शाखा प्रबंधक ने विद्यार्थियों को बचत खाता, चालू खाता, एफडी खाता सहित अन्य बैंकिंग प्रकिया से अवगत कराया। इस अवसर पर प्राचार्य देवधर सिन्हा सहित शिक्षकगण उपस्थित थे।

### कोसमर्रा में स्वयंसेवकों ने की साफ-सफाई




**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि कोसमर्रा में प्राचार्य बालकृष्ण साहू, पूर्व प्राचार्य चैतराम साहू, कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव सोनबेर एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी अनिल साहू के निर्देशन में स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाया जायेगा। प्राचार्य बालकृष्ण साहू ने छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई। स्कूल परिसर, बाजार चौक, आंगनबाड़ी केंद्र, शीतला मंदिर की साफ-सफाई की गई। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को अपने आसपास की साफ-सफाई रखने कहा। इस अवसर पर स्वयंसेवक खेमेश्वरी, लकेश्वरी, सुनैना, समीक्षा, प्रीति, पोमेश, रामेश्वर, डेमेश्वर, पारस, करूणामय एवं अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।

महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर निकाली शोभायात्रा, हर रोज होंगे धार्मिक आयोजन

# झांकी एवं कलश यात्रा के साथ हुई मातारानी की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी







नव आनंद कला मंदिर द्वारा विजयदशमी महोत्सव का शुभारंभ नगर पंचायत नगरी से निकाली गई आकर्षक शोभायात्रा के साथ हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा तथा पार्षद गणों ने माता रानी की प्रतिमा का पूला अर्चना किया। तत्पश्चात शोभायात्रा भठेली भखारा की आकर्षक झांकी के साथ नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करती हुई कार्यक्रम स्थल गांधी चौक राजाबाड़ा पहुंची। अनूठी शैली में आकर्षक वेशभूषा के साथ प्रस्तुत झांकी देखकर लोग रोमांचित हो उठे । माता की अगवानी में सेवा दल पुरानी बस्ती नगरी एवं सेवा दल नई बस्ती नगरी द्वारा जस गीत प्रस्तुत किया गया। जगह जगह आकर्षक स्वागत द्वार बनाए गए हैं। शोभायात्रा का जगह-जगह फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। नगर पुरोहित पं .ठकुरीधर शर्मा के मंत्रोच्चारण के साथ पण्डाल में प्रतिमा की स्थापना की गई। लोगों के मनोरंजन के लिए चलित झांकी लगाई है। प्रतिदिन दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे। मंच पर एलईडी स्क्रीन लगाया गया है। इस दौरान पुलिस प्रशासन की चुस्त व्यवस्था रही। 23 सितम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रम, श्री बुढ़ादेव रामायण मंडली नगरी, 24 सितम्बर को श्री रामनगर रामायण मंडली नगरी, 25 सितम्बर को लोकगायिका आरु साहू नाइट्स, 26 सितम्बर को श्री दुर्गाचोक रामायण मंडली नगरी, 27 को ज्ञान गंगा जस झांकी परिवार बड़े खोरपा अभनपुर, 28 को श्री दंतेश्वरी रामायण मंडली नगरी, 29 सितम्बर को लोक कला मंच पैरीलोक लहर कोचबाय की प्रस्तुति होगी।

मौके पर समिति के अध्यक्ष मोरध्वज पटेल, कोषाध्यक्ष अनिल वाधवानी, सहकोषाध्यक्ष मिश्री तातेड़, सचिव दीपेश निषाद, उपाध्यक्ष सुरेश साहू, अशोक पटेल, रवेंद्र साहू, अश्वनी निषाद, शंकर देव, देवचरण ध्रुव, देवेंद्र साहू, विकास सोनी, संकेत चौहान, नेहाल देवांगन, सहसचिव सचिव भरतलाल साहू, योगेश कुमार साहू, नगर व्यवस्था समिति अध्यक्ष नंद यादव, उपाध्यक्ष दुलेश्वर गौर, सहदेव साहू, ईश्वर साहू, दीनदयाल सरपा, हरीश सार्वा, धरम निषाद, हेमलाल सेन, सचिव प्रदीप जैन, सहसचिव नरेंद्र नाग, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद साहू, पूर्व नपं अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, पूर्व नपं उपाध्यक्ष अजय नाहटा, नगर व्यवस्था समिति के पूर्व अध्यक्ष ललित शर्मा, श्री राम नवयुवक परिषद नगरी के उपाध्यक्ष हरीश यादव, रोहित नाग, सचिव नरेश छेदैहा, सहसचिव महेंद्र साहू, शंभु चिंडा, कमल डागा, दुर्गेश, नन्दन शर्मा, रुपेन्द्र साहू, लक्ष्मीकांत गुप्ता, शैलेन्द्र लाहोरिया, उत्तम गौर, ओमप्रकाश पटेल, अरूण सार्वा, रविन्द्र गौर, नोहर साहू सहित नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# शीतला शक्तिपीठ सिहावा में आस्था के 2330 दीप जगमगा रहे

■ शीतला माता पुष्प गिराकर देती है आशीर्वाद, दिनोंदिन बढ़ रही ख्याति





हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शारदीय क्वांर नवरात्रि का शुभारंभ सोमवार से शुरू हो गया। नवरात्रि के प्रथम दिवस शीतला शक्ति पीठ सिहावा में आस्था के दीप प्रज्वलित करने वालों की भीड़ लगी रही। प्रमुख घट स्थापना उपरांत ज्योतिधारियों ने अपनी आस्था के दीप, मां शीतला के दर्शन व विधि विधान से पूजा अर्चना कर संकल्प लेकर शुभ मुहूर्त में दोपहर 3 बजे मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि में 2330 ज्योति जगमगा रहे हैं जिसमें घी की 235 व तेल की 2095 ज्योति शामिल है। घट स्थापना के लिये आचार्य चंद्रहास दुबे ने ज्योति धारियों को संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि में आदि शक्ति की उपासना से मनुष्य का जीवन कल्याणकारी हो जाता है। शीतला शक्ति पीठ के अध्यक्ष कैलाश पवार ने बताया कि शीतला माता हर कष्ट को हरती है। सिर से पुष्प गिराकर आशीर्वाद देती है। माता का उदभव स्वयंभू होने से पूरे क्षेत्र में माता के दरबार का विशेष महत्व है। रंग बिरंगी रोशनी से पूरा मन्दिर परिसर जगमगा रहा है। तृतीय दिवस से अष्टमी तक रोजाना भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 27 सितम्बर को जस गीत झांकी जय शंभू बालिका रामधुनी कांकेर, 28 सितम्बर को जस गीत झांकी ग्राम घुटकेल , 29 सितम्बर को जस गीत झांकी ग्राम भोथली धमतरी का आयोजन होगा। नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा की गई। भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा करके अपने जीवन में स्थिरता और दृढ़ता व शक्ति की कामना की।

मौके पर समिति के प्रमुख संचालक कलमसिंह पवार, महासचिव नेम सिंह बिशेन, सह सचिव नरेंद्र नाग, नारद निषाद, बुधेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष गेंद लाल यादव, तुकाराम साहू, पुजारी ज्ञानसागर पटेल, तुका सिंह बैस, बलदेव निषाद, राजकुमार निषाद, छबि ठाकुर, संजय सारथी, रामलाल नेताम, प्रवीण गुप्ता, गगन नाहटा, भरत निर्मलकर, सचिन भंसाली, किशन गजेन्द्र, महेंद्र कौशल, चंद्रभान निषाद, दीपक तंवर, शशिकला शांडिल्य, देवन्तीन श्रीमाली, जगतीन यादव, रीना बिसेन, पूरन बिसेन समेत अन्य जुटे हुए हैं।

## कलियुग में राम नाम ही सार है : गौकरण



■ धूमा, संकरी, गोजी में आयोजित रामधुनी में शामिल हुए जिपं उपाध्यक्ष

**सिर्री।** पितृ पक्ष के अवसर पर ग्राम धूमा, संकरी, गोजी में रामनाम सप्ताह रामधुनी का आयोजन हुआ। गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि पितृ पक्ष में पितरों की मोक्ष हेतु रामनाम जाप का आयोजन पुरानी परंपरा है। हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारना चाहिए। कलियुग में राम नाम ही मोक्ष प्राप्त करने, पापों से मुक्ति पाने और कल्याण करने का एकमात्र और सबसे सरल मार्ग है। कार्यक्रम में अनेकों मंडलियों ने प्रस्तुति दी। मौके पर ओमप्रकाश साहू, देवेंद्र साहू, भूषण तारक, डॉ ललित निषाद, गंगा प्रसाद मिश्रा, प्रीतम साहू, कृष्ण रेखा निषाद, जीवनलाल, राजेंद्र साहू योगेश साहू, गज्जू साहू, खिलावन साहू, दीनदयाल साहू, ओंकार प्रसाद साहू, भुनेश्वर राम साहू पूर्व सरपंच समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## दो एएसआई पदोन्नत होकर बने सब इंस्पेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



■ एसपी ने स्टार लगाकर दी पदोन्नति

जिले में पदस्थ दो सहायक उपनिरीक्षक को एसपी ने स्टार लगाकर पदोन्नति दी है।

पुलिस मुख्यालय रायपुर के आदेशानुसार एएसआई चन्द्रशेखर देवांगन व दक्ष कुमार साहू को योग्यता सूची एवं वरिष्ठ के आधार पर उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति दी गई।

इस अवसर पर सूरजसिंह परिहार ने दोनों अधिकारियों को स्टार लगाकर अलंकृत किया। साथ ही पदोन्नत अधिकारियों का मुंह मीठा कराया।

इस दौरान एसपी ने कहा कि धमतरी पुलिस सदैव कर्तव्यनिष्ठ एवं मेहनती अधिकारियों का सम्मान करती है। यह अन्य पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। पदोन्नत अधिकारियों ने इस अवसर पर अपने वरिष्ठ अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से जनता की सेवा करेंगे।

### छाती में छात्राओं को साइकिल वितरित

**पुरी।** स्व. भूपालमणि शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छाती में 9 वीं की छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर शाला विकास राजेश चंद्राकर, एनके कुंभकार, रमेश यादव, टीआर साहू, शिव चंद्राकर मौजूद रहे।

### निधन : रामलाल साहू



**धमतरी।** ग्राम पंचायत ढोंडरा (खोरपा) निवासी रामलाल साहू 75 वर्ष का 22 सितंबर को निधन हो गया। वे केशर बाई साहू के पति, शकरवारा के शिक्षक दयाराम साहू व हिरामन साहू के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में स्वजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



**खबर संक्षेप**

## देह व्यापार के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**धमतरी।** शहर में पैर पसारते जा रहे देह व्यापार के खिलाफ सिटी कोतवाली में शिकायत कर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष देवेन्द्र आजमानी ने कोतवाली प्रभारी से शिकायत की है कि शहर में बने रैनबसेरा व लॉज की आड़ में जिस्मफरोशी का धंधा चल रहा है जिसमें संभ्रात परिवार की बच्चियों को भी फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। किसी को भी आधार कार्ड देखकर रूम उपलब्ध कराया जा रहा है। श्री आजमानी ने पुलिस प्रशासन से ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उन्हें जिलाबदर करने की मांग की है।

## दक्षिण काली महायज्ञ नवरात्रि साधना शुरू

**धमतरी।** जिले में पहली बार सार्वजनिक रूप से क्वांर नवरात्रि में दक्षिण काली महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन दक्षिण काली यंत्र स्थापना के साथ पूजा पाठ का दौर शुरू हुआ। यह कार्यक्रम 9 दिनों तक चलेगा जिसमें 2 लाख मंत्र जाप, 20 हजार आहुति के साथ सत्संग और पाठ का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए श्री लक्ष्मी नारायण सेवा समित के सदस्यों ने बताया कि इस साधना से धन, यश, दीर्घायु की प्राप्ति होती है। शत्रु पराजय सहित सभी मनोरथ की प्राप्ति होती है। महायज्ञ का आयोजन कायिजन टोयोटा शोरूम के पास ज्ञानेश्वर महाराज के निवास स्थान में चल रहा है। समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा।

## मेघा में नवरात्रि महोत्सव आज से

**मगरलोड।** नवदुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड मेघा में नवरात्रि महोत्सव का आयोजन रखा गया है। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि 8 बजे प्रारंभ होगा। 23 सितम्बर को पायल महादेव रिकॉर्डिंग डांस मरोदा भिलाई, 25 को संगी ज़हुरिया रामधुनी पार्टी छिपली (पुष्कर ग्रुप), 27 को शिव गंगा नाचा पार्टी मेघा, 28 को रिकार्डिंग डांस (स्थानीय बच्चों द्वारा), 30 सितम्बर को जय मां शीतला जस झांकी परिवार बजरंग चौक बटरेल पाटन, एक अक्टूबर बुधवार को मया के अंजोर रिकार्डिंग डांस परिवार सुरेगांव अर्जुंदा जिला बालोद की प्रस्तुति होगी। शरद पूर्णिमा पर्व पर 7 अक्टूबर मंगलवार को रात्रि में लोकरंग अर्जुंदा (दुर्ग) की प्रस्तुति होगी।

## संतोष प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं सदाशिव प्रांतीय सचिव बने





**धमतरी।** छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष पवन शर्मा ने संतोष दीवान को प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं के. सदाशिव राव को प्रांतीय सचिव मनोनीत किया है। इनके मनोनयन पर प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा धमतरी के संरक्षक कृपाशंकर मिश्रा, अध्यक्ष नंदकिशोर साहू, कृष्णाराम साहू, लोकेश साहू, यशवंत देवांगन, नविता तिवारी, लोकेश ठाकुर, यशकरण गजेंद्र, अरुण गौर, होलाराम परिहा, हनुमान सिंह वर्मा, ओपी चंद्राकर, ईश्वरी दयाल साहू एवं विजय पदमवार ने हर्ष व्यक्त किया है।

### पूरे छत्तीसगढ़ से 60 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

# छेड़ सुरों के गीत स्पर्धा की कुमकुम विजेता बनी

**छत्तीसगढ़ी गीत गायन का यह 13वां वर्ष**





हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

हरदिहा साहू समाज भवन में 21 सितम्बर को छेड़ सुरो के गीत गायन प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ म्यूजिक ग्रुप द्वारा आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ स्तर पर आयोजित इस स्पर्धा में शामिल होने प्रदेश के कोने-कोने से प्रतिभागी पहुंचे थे। छत्तीसगढ़ी भाषा से समृद्ध गीत गाकर कलाकारों ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

21 सितम्बर को प्रतिभागी सुबह 9 बजे से कार्यक्रम स्थल पहुंच गए थे। स्पर्धा का शुभारंभ पंजीयन पश्चात सुबह 11 बजे हुआ। 4 बजे से 40 प्रतिभागियों का ऑडिशन राउंड चला। लाइव म्यूजिक के साथ कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। तत्पश्चात शाम 5 बजे चयनित 19 प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में प्रदर्शन किया। निर्णायक छत्तीसगढ़ के नामचीन कलाकार भूषण पटेल, संगीता मानिकपुरी, तीजन पटेल, जागृत कुमार थे। उन्होंने सभी गायक कलाकारों की प्रस्तुति के बाद गायन की बारीकियों से उनके गीतों की समीक्षा कर नंबर दिए।

शाम को समापन सत्र के मुख्य अतिथि नीलकंठ टेकाम (पूर्व आईएएस) केशकाल विधायक थे। शासकीय सेवक संघ के प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव, शिवचरण नेताम, सुदर्शन ध्रुव भी मौजूद थे। प्रतिभागियों की प्रस्तुति देखकर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी गीतों की स्पर्धा उन्होंने पहली बार देखी है। इस आयोजन से उन्हें छत्तीसगढ़ी गीतों को महसूस करने का मौका मिला।

श्री टेकाम ने आयोजन में उनको बुलाने के लिए कार्यक्रम संयोजक लोकेश करैत का आभार मानकर उनका ही सम्मान कर दिया। अतिथि उद्बोधन पश्चात स्पर्धा के फाइनल राउंड में प्रतिभागियों ने प्रस्तुति दी। सम्पूर्ण प्रस्तुति के बाद निर्णायकों के आधे घंटे के गहन मंथन पश्चात परिणाम की घोषणा की गई। पुरस्कार वितरण समारोह रात्रि 10:30 बजे हुआ। सबसे पहले पांच अच्छे बॉटम कलाकारों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। मंच पर लुकेश्वर साहू, शिवानी सोनानी, नंदू विश्वकर्मा, आरती ठाकुर, रमन जैन को सांत्वना पुरस्कार बांटा गया। इसके बाद टॉप 3 कलाकारों की घोषणा की गई। तृतीय पुरस्कार सरला साहू को उनके गीत 'अबके सजनवा परदेस गए' के लिए मिला। द्वितीय पुरस्कार भूमि सागर को उनके गाए गीत 'गूंजे रे अलिन गलिन' के लिए मिला। अंत में कुमकुम मिश्रा रायपुर को उनके द्वारा धीर गंभीर रूप से प्रस्तुत गीत 'तोर मिठ मिठ बोली में राजाजी मोर जान बसे हे' के लिए प्रथम पुरस्कार दिया गया। प्रथम पुरस्कार 21,000, द्वितीय पुरस्कार 11,000 और तृतीय पुरस्कार की राशि 5100 प्रतिभागियों के खाते में ट्रांसफर करने की बात कही गई। कार्यक्रम की सफलता में छत्तीसगढ़ म्यूजिकल गुप के संयोजक लोकेश करैत, सुनील साहू, संगीता मानिकपुरी, भूषण पटेल, कुंदन ठाकुर, तीजन पटेल का विशेष योगदान रहा।

## कार की ठोकर से बुजुर्ग हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी



धमतरी मार्ग पर गांव दलदली के पास मोड़ पर शाम को अमरूराम नायक पिता स्व. राजूराम नायक उम्र 57 वर्ष ग्राम डोंगरडुला निवासी नगरी से अपने काम निपटाकर वापस लौट रहा थी तभी धमतरी रोड से आ रही कार सीजी04 क्यूआई 2237 ने उसे ठोकर मार दी। इस घटना में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने तत्काल नगरी पुलिस को सूचना दी। कार चालक फरार हो गया था जिसे टीआई के मार्गदर्शन में पुलिस ने मेचका थाना के पास पकड़ा। बजुर्ग का नगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी में इलाज कराया गया। सिर पर गंभीर चोट होने के कारण जिला अस्पताल धमतरी रेफर कर दिया गया। इस कार्रवाई में टीआई चक्रधर बाग, प्रधान आरक्षक गोपी चंद्राकर, योगेंद्र साहू, वीरेंद्र ध्रुव, लेखराम बंजारे सहित अन्य स्टाफ उपस्थित था।

## कुर्रा में 27 से लोक महोत्सव की मचेगी धूम

हरिभूमि न्यूज ⏩कोर्रा(भखारा)

ग्राम कुर्रा में नवदुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से पांच दिवसीय लोक महोत्सव का आयोजन किया गया है। 27 सितंबर को महके मोंगरा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी खुंदनी, 8 को मोर चिरैया के फूल छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी कुलिया कनेरी, 29 को अनुराग जगराता ग्रुप ग्राम बोरझरा, 30 को जय मां अंबे जग झांकी ग्राम हसदा एवं बाल समाज पूरण जस झांकी एवं फाग परिवार गातापार की प्रस्तुति होगी।

शुभारंभ के मुख्य अतिथि रामचंद्र देवांगन सेनि शिक्षक होंगे। अध्यक्षता तुकाराम पटेल, ग्राम अध्यक्ष करेंगे। विशेष अतिथि मुकेश यादव, उपसरपंच दिनेश साहू, छन्नू साहू, रोशन साहू, धामसिंह ध्रुव, चैतूराम देवांगन, प्रभुराम साहू, रंजीत साहू, राधेश्याम यादव, धनीराम सिंह, आत्माराम साहू, अर्जुन साहू, जोहतराम टंडन, भागवतराम साहू होंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रामू रोहरा महापौर होंगे। अध्यक्षता पीतेश टंडन सरपंच करेंगे।

विशेष अतिथि गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जपं कुरूद, अमनराव अध्यक्ष भाजपा मंडल रांवा, मुरारी यदु अध्यक्ष प्राथमिक कृषि साखरी समिति, देवती साहू जनपद सदस्य, परमेश्वर साहू, खम्हन साहू, अजबसिंह देवांगन, लक्ष्मीनारायण देवांगन, छत्रपाल सिंह, गोपालराम साहू, पुरुषोत्तम ध्रुव, धनीराम साहू होंगे। कार्यक्रम को गति प्रदान करने में लीलाराम नेताम, हितेश्वर टंडन, उमेश साहू, ओमप्रकाश देवांगन, पंचराम, नेम चंद्र देवांगन, कृष्णा साहू, चंदूराम साहू, तुलाराम साहू, कुशल पटेल, बुद्धदेव साहू, खिलेश्वर, चेतन देवांगन जुटे हुए हैं। यह जानकारी हिम्मत साहू ने दी है।

## श्रीकृष्ण संगीत महाविद्यालय ने कवि नवदीप को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय ने नगर के प्रसिद्ध हास्य व्यंग्य कवि सुरजीत नवदीप को श्रद्धांजलि दी। गायन वादन, कत्थक नृत्य के विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति दी।

महाविद्यालय के संस्थापक पीव्ही पराड़कर, वेदप्रकाश वर्मा, अशोक कुमार गुप्ता व गणमान्य नागरिकों ने नवदीप के जीवन से जुड़ी बातों को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती दीपा ध्रुव द्वारा किया गया।

## अग्रसेन जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

अग्रवाल समाज ने धूमधाम से महाराज अग्रसेन की जयंती मनाई। इस अवसर सोमवार को दोपहर 3 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा श्रीराम जानकी मठ मंदिर से सदरबाजार, घड़ी चौक होते हुए अग्रसेन समाज भवन पहुंची। यहां पर मंचीय कार्यक्रम हुआ, जो देर रात चलता रहा।

## रजत जयंती पर छाती स्कूल में हुए विभिन्न आयोजन



**पुरी।** स्व. भूपालमणि यादव शाउमावि छाती में रजत जयंती महोत्सव पर विभिन्न आयोजन हुए। देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, कविता, भाषण, पुस्तक वाचन, क्विज प्रतियोगिता, इतिहास लेखन, प्रदर्शनी लगाई गई। अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजेश चंद्राकर, संस्था प्रमुख निमेश चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, भूतेश्वर चंद्राकर, शिव चंद्राकर, टीआर साहू, सुरेश चंद्राकर थे। अतिथियों ने बच्चों के इस प्रयास की प्रशंसा की और भविष्य में भी राष्ट्र और राज्य के प्रति जागरूक रहकर आगे भी अपनी सहभागिता बनाए रखने कहा। कार्यक्रम का आयोजन अंबालिका साहू ने किया।

# करेली बड़ी में आज सीएम करेंगे महतारी सदन का लोकार्पण

**क्षेत्रवासियों को देंगे 245.80 करोड़ की सौगात, 77 कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण**

हरिभूमि न्यूज ⏩मगरलोड



उपतहसील करेली बड़ी में राज्यस्तरीय महतारी सदन का लोकार्पण कार्यक्रम आज 23 सितम्बर को सुबह 10 बजे रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्णु देव साय मुख्यमंत्री होंगे। अध्यक्षता विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि अरूण साव उ मुख्यमंत्री व विशिष्ट अतिथि रामविचार नेताम कृषि मंत्री, टंकराम वर्मा प्रभारी मंत्री, रूपकुमारी चौधरी सांसद महासमुंद, भोजराज नाग सांसद कांकेर, अजय चंद्राकर विधायक कुरूद, अरूण सार्वा जिला पंचायत अध्यक्ष, वीरेंद्र साहू अध्यक्ष जपं मगरलोड, खेमलता साहू सरपंच करेली बड़ी होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा कुरूद विधानसभा क्षेत्र के कुल 77 कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जाएगा, जिन पर 245.80 करोड़ से अधिक की राशि व्यय होगी।

महतारी सदन योजना के तहत 51 महतारी सदन भवनों का लोकार्पण किया जाएगा। इसमें कुरूद के 4 महतारी सदन भवन शामिल है। नए भवनों का शिलान्यास भी करेंगे। लगभग 2.10 करोड़ की लागत से निर्मित ये भवन महिलाओं के लिए सम्मान और आत्मनिर्भरता के नए केंद्र बनेंगे। करेली बड़ी और भालूझूलन में औद्योगिक क्षेत्र के लिए 16.61 करोड़ की लागत से आधारभूत ढांचा तैयार किया जाएगा। इसके अलावा जी-जामगांव औद्योगिक क्षेत्र का लोकार्पण 6 करोड़ की राशि से होगा।

शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज और लाइवलीहुड कॉलेज भवन का शिलान्यास 27.67 करोड़ की लागत से किया जाएगा। वहीं, कृषि महाविद्यालय भवन एवं छात्रावास का लोकार्पण 7.53 करोड़ में होगा। जिले के विभिन्न मार्गों के निर्माण और सुधार के लिए 9 सड़क कार्यों का शिलान्यास 119.79 करोड़ की लागत से किया जाएगा। गौरव पथ योजना के तहत गातापार और बकली मार्ग का लोकार्पण 1.70 करोड़ से होगा। नई सड़कें गांवों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी। भेण्ड्री में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण 75 लाख की लागत से होगा। इससे ग्रामीण अंचलों तक स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुलभ होंगी।

कोड़ेबोड़ में सूक्ष्म सिंचाई योजना 26.37 करोड़ और महानदी नहर पर क्रॉस रेग्युलेटर 4.29 करोड़ की लागत से निर्मित होगा। इससे किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा और ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। गंगरेल में साइंस पार्क का निर्माण किया जाएगा, जो बच्चों और युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ-साथ पर्यटन की नई संभावनाओं को भी बढ़ावा देगा। कंवर समाज भवन (मधुबन धाम, राकांडीह) का निर्माण 50 लाख की लागत से होगा।

## कांग्रेसी आज सीएम को काली झंडी दिखाने की तैयारी में

■ बिजली बिल में बढ़ोतरी समेत अन्य मुद्दों को लेकर करेंगे विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

कांग्रेस शासन में लागू की गई 400 यूनिट तक बिजली हाफ योजना को बंद कर बिजली बिल में की गई बेतहाशा बढ़ोतरी के विरोध में छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी द्वारा राज्य भर में प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में आज करेली बड़ी आगमन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को जिले के कांग्रेसी नेता काली झंडी दिखायेंगे।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धमतरी जिले के तीनों विधानसभा से बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेतागण अलग-अलग रूटों से आज कुरुद विधानसभा अंतर्गत ग्राम करेली बड़ी में आयोजित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सभा में पहुंचकर बिजली बिल में बढ़ोतरी के खिलाफ आवाज बुलंद कर मुख्यमंत्री को बिजली बिल में पूर्व की भांति छूट जारी रखने मांग पत्र सौपेंगे। यदि जिला या पुलिस प्रशासन उन्हें मुख्यमंत्री से मिलने नही देंगे तो काली झंडी दिखाकर विरोध दर्ज किया जाएगा।



### आम जनता को लूट रही है भाजपा सरकार

कांग्रेसियों का कहना है कि बिजली दरों में वृद्धि के कारण उपभोक्ताओं के बिल में इजाफा हुआ है। पार्टी ने भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए कहा है कि 80 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि कांग्रेस शासन में हुए केवल 2 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि से बहुत ज्यादा है। राज्य सरकार 1000 की महतारी वंदन योजना देकर आम जनता को राहत देने की बजाय बिजली बिल बढ़ाकर पैसे लूट रही है।

### अलर्ट मोड में है दिख रही पुलिस

इस तरह का घटनाक्रम न घटे, इसलिए कांग्रेसियों की हर एक गतिविधियों पर पुलिस अपनी नजर गड़ाए बैठी है। धमतरी पुलिस अलर्ट मोड में है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि जिले भर के कांग्रेसी नेताओं को पुलिस हाउस अरेस्ट न कर दें ताकि मुख्यमंत्री साय का कार्यक्रम में किसी प्रकार का कोई व्यवधान उत्पन्न न हो।

## मरादेव में स्वच्छता अभियान चला



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

ग्राम मरादेव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सरपंच प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने सार्वजनिक स्थल की साफ- सफाई की।

## आमाचानी में रामधुनी झांकी प्रतियोगिता 27 से

**मगरलोड।** नव युवा दुर्गा उत्सव समिति शंकरचौक एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आमाचानी में रामधुनी झांकी प्रतियोगिता 27 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक की गई है। 27 सितम्बर को जय सरस्वती संगम रामधुनी मंडली भर्रीगांव बालोद कथा प्रसंग सीताहरण, 28 सितम्बर को जय छत्तीसगढ़ बालक रामधुनी मंडली देवरी भखारा कथा भक्त गोपीचंद, 29 को जय मां विंध्वासिनी रामधुनी मंडली गोकुलपुर धमतरी कथा प्रसंग मोहनी अवतार, 30 को प्रज्ञा रामधुनी मंडली गिरौद धमतरी कथा प्रसंग सीता सुलोचना, 1 अक्टूबर को जय मां शीतला रामधुनी मंडली लाटाबोड़ बालोद कथा प्रसंग सीता हरण, लव कुश जन्म होगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ बोड़रा सरपंच केवल वर्मा करेंगे। अध्यक्षता शुक्लाभाठा सरपंच पलवंतीन यादव करेंगे। विशेष अतिथि जनपद सदस्य पूनम साहू, लक्ष्मीकांता हेमंत साहू, उपसरपंच यागेश्वर, फनेंद्र साहू, चित्रसेन साहू, चुम्मन ध्रुव होंगे।

## इर्रा में महिला कमांडो का पुनर्गठन

**कोर्रा(भखारा)।** कुरूद ब्लाक के ग्राम पंचायत इर्रा में महिला कमांडो का पुनर्गठन किया गया है ताकि गांव में नशाखोरी और अपराध को रोकने के साथ ही स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा सके। सरपंच सूर्यकांत साहू ने पंचगणों की उपस्थिति में महिला कमांडो दल को पुनः एक्टिव किया।











